नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
ज्ञान शांति मैत्री
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com
वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी कार्यक्रम का समापन मंगलवार को
## गांधी हिल पर होगा पुरस्कार वितरण समारोह

वर्धा, 22 अगस्त 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में भारतीय स्वतंत्रता के 70 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी' कार्यक्रम का समापन मंगलवार को अपराह्न 5.00 बजे गांधी हिल पर किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र सहित अध्यापक, अधिकारी प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे।

विद्यार्थियों में देशप्रेम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए 4 से 23 अगस्त तक 'आजादी 70 : याद करो कुर्बानी' कार्यक्रम का आयोजित किया गया जिसमें भाषण, निबंध, रंगोली, पोस्टर, देश भक्ति पर गायन प्रतियोगिताएं तथा नाट्य एवं फैंसी ड्रेसआदि प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों का वितरण भी इस अवसर पर किया जाएगा।

जनसंपर्क विभाग के द्वारा गांधी हिल्स मानसून फोटोग्राफी प्रतियोगिता 2016 का आयोजन विश्व फोटोग्राफी दिवस, 19 अगस्त को किया गया था। इस प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण भी कुलपति तथा प्रमुख अतिथियों के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आहवान आयोजकों ने किया है।

## 'आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी' कार्यक्रमाचा समारोप मंगळवारी
## विविध स्पर्धांच्या पुरस्काराचे वितरण गांधी हिल वर

वर्धा, 22 अगस्त 2016: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात भारतीय स्वातंत्र्याची 70 वर्ष पूर्ण झाल्यानिमित्त आयोजित 'आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी' या कार्यक्रमाचा समारोप मंगळवारी दुपारी 5.00 वाजता गांधी हिलवर करण्यात येणार आहे. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र राहतील. यावेळी प्रकुलगुरु प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र यांच्यासह अध्यापक, अधिकारी प्रामुख्याने उपस्थित राहतील.

विश्वविद्यालयात विद्यार्थ्यांसाठी 4 ते 23 ऑगस्ट पर्यंत 'आजादी 70 : याद करो कुर्बानी' हा कार्यक्रम घेण्यात आला. यात भाषण, निबंध, रांगोळी, पोस्टर, देश भक्ति पर गायन स्पर्धा तसेच नाट्य आणि फैंसी ड्रेस सादरीकरण इत्यादी कार्यक्रमांचे आयोजन करण्यात आले. या सपर्धांच्या पुरस्कारांचे वितरण यावेळी करण्यात येईल.

जनसंपर्क विभागाच्या वतीने 'गांधी हिल्स मानसून फोटोग्राफी प्रतियोगिता 2016' चे आयोजन विश्व फोटोग्राफी दिनी 19 ऑगस्ट रोजी करण्यात आले होते. या स्पर्धेतील विजेत्यांनाही कुलगुरु आणि प्रमुख पाहुण्यांच्या हस्ते पुरस्कृत करण्यात येणार आहे. कार्यक्रमाला उपस्थित राहण्याचे आवाहन आयोजकांनी केले आहे.